Title: Regarding approval of the proposal for construction of roads under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Latur district

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): विगत तीन सालों में प्रधान मंत्री सड़क योजना -3 के तहत लातूर जिले से 25 सड़क व 11 पुलियों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव(कुल 36 प्रस्ताव) महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को अनुमोदन हेतु भेजे गए । जब विगत 3 सालों की अवधि मे इन प्रस्तावों के आधार पर किसी ग्रामीण सड़क का निर्माण नही किया गया तो आदरणीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में क्षेत्र के सांसदों के साथ एक बैठक हुई जिसमें योजना के तहत कतिपय ग्रामीण संड़कों के निर्माण के लिए मंजूरी दी गई । उल्लेखनीय है कि योजना के तहत कुल 36 प्रस्तावों में से केवल 5 ग्रामीण सड़कों के निर्माण का अनुमोदन किया गया ।

प्रस्तावित ग्रामीण सड़कों के निर्माण में अत्याधिक विलम्ब होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी कठिनाईयां महसूस हो रही हैं । मेरा सरकार से अनुरोध है कि योजना के तहत सभी ऐसे परियोजना प्रस्तावों, जिनकी डीपीआर मंत्रालय के अधीन विचाराधीन है, पर स्वीकृति प्रदान कर इन प्रस्तावित परियोजनाओं पर समयबद्ध ढंग से निर्माण किया जाना सुनिश्चित किया जाए । साथ ही साथ लातूर क्षेत्र में मेरे द्वारा प्रस्तावित कम से कम 200 किलोमीटर सड़कों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की जाए और उन पर त्वरित गति से निर्माण कार्य करवाया जाए ।